राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार देश में साल 2015 में आठ हजार किसानों और 12 हजार खेतिहर मजदूरों ने आत्महत्या की। रिपोर्ट में इन आत्महत्याओं के पीछे कर्ज और दिवालियापन को मुख्य वजह बताया गया है। हालांकि सरकार नए सिरे से इन कारणों का अध्ययन कराना चाहती है ताकि इन्हें दूर करने के उपाय तलाशे जा सकें।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार साल 2015 कर्ज न चुका पाने के कारण कुल 2978 किसानों ने आत्महत्या की जबकि खेती बाड़ी से जुड़ी अन्य समस्याओं के कारण अपनी जान देने वालों की संख्या 1494 थी। महिला किसानों में कर्ज के साथ ही घरेलू विवाद भी आत्महत्या की मुख्य वजह पाया गया। महिला और पुरुष किसानों को मिलाकर आत्महत्या करने वाले ऐसे लोगों की कुल संख्या 12602 रही जोकि देश में आत्महत्या के कुल मामलों का 9.4 प्रतिशत था। साल 2015 में देश में आत्महत्या के कुल एक लाख 33 हजार 623 मामले सामने आए थे। यह आंकड़े यह बताते हैं कि साल 2014 की तुलना में साल 2015 में किसानों द्वारा आत्महत्या की घटनाओं में तीन फीसद की बढ़ोतरी हुई।

रिपोर्ट के अनुसार 2015 में किसानों द्वारा आत्महत्या करने की सबसे ज्यादा घटनाएं महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक में हुई। इस मामले में महाराष्ट्र का रिकार्ड सबसे खराब रहा। राज्य में इस दौरान 3030 किसानों ने आत्महत्या की। हालांकि इस अवधि में बिहार, गोवा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, मिजोरम, नगालैंड, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेशों में ऐसी एक भी घटना नहीं हुई।

खेती देश में जीविकोपार्जन का सबसे प्रमुख जरिया है। देश की 55 फीसद आबादी आजीविका के लिए इस पर ही निर्भर है। कुल श्रम बल का आधा हिस्सा खेती बाड़ी में लगा हुआ है लेकिन इसके बावजूद देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान महज 14 प्रतिशत है। यह आंकड़े कृषि क्षेत्र और उसमें लगे लोगों की दयनीय हालत बयां कर रहे हैं।

एनसीआरबी के अनुसार मानसून पर अत्याधिक निर्भरता, अपर्याप्त सिंचाई व्यवस्था, छोटे हिस्सों में बंटे खेत तथा कर्ज और फसल बीमे की समुचित व्यवस्था का अभाव कृषि क्षेत्र की बदहाली की वजह बन रहा है।

(राष्ट्रीय सहारा से साभार)

खेती किसानी और विदेशी निवेश

– डा0 भूप सिंह, भिवानी

W.T.O. ने जो कृषि पर समझौता तैयार किया है उसके अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनी कारगिल का दिमाग है।

बहुराष्ट्रीय देशी–विदेषी औद्वोगिक या कारोबारी घरानों व समूहों का सपना है – किसानों के द्वारा खेती के स्थान पर कारपोरेट फार्मिंग हो। आखिर अमेरिका में यहीं तो हुआ 1938 में वहाँ 38 लाख फैमिली फार्म थे। 1989 में 21 लाख रह गये और 2000 में 1.10 लाख रह गये। आज अमेरिका में 60 प्रतिशत अनाज 35000 बड़े फार्म पैदा कर रहे हैं। जो कारपोरेट घरानों के कब्जे में हैं। यह कारण है कि W.T.O. जहाँ दूसरे भारत जैसे विकासशील देशों पर कृषि सब्सिडी घटाने पर दबाब डाल रहा है और सरकारें डब्लू0टी0ओ0 वर्ल्ड बैंक, आई.एम.एफ. जैसी व्यापारी व वित्तीय संस्थाओं के दबाब में सब्सिडी घटा भी रही है वहीं कारपोरेट हाउस सरकार की बाँह मरोड़ कर मनचाही सब्सिडी ले रहे हैं और इसी सब्सिडी के बूते W.T.O. के माध्यम से दुनिया के खाद्यान्न बाजार को हथिया रहे हैं।

मौसैन्टों, सिंजेंटा और नोवामिसे जैसी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां जी.एम. बीजों के माध्यम से खेती किसानी को उजाड़ कर जिन्स बाजार को काबू करना चाहती हैं। कान्ट्रैक्ट फार्मिंग के माध्यम से मण्डी कानूनों में परिवर्तन करके किसानों को नकदी फसलों के जाल में फसा कर हमारी खाद्य सुरक्षा को संकट में डाल कर बाजार को हथियाना है।

सरकारें भूमि हदबन्दी कानूनों में ढील देकर और कम्पनियों व उद्योगों के लिए भूमि अधिग्रहण करके किसानों को खेती से बेदखल करने की मुहिम चला रही है। यहाँ पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष अरविन्द पनगडिया की योजना तो स्पष्ट ही कर देती है कि सरकार किस दिशा में कार्य कर रही है। पनगडिया का कहना है – यदि भूमि अधिग्रहण नहीं किया जायेगा तो उद्योगों के लिए सस्ते मजदूर कहाँ से आयेंगे ? अर्थशास्त्रीयों की परिभाषा कि देश के विकास के लिए खेती किसानी घटना आवश्यक है, बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की मनसा के अनुसार है।

देश में बुलेट ट्रेन, स्मार्ट सिटीज, बैंक खाते, मोबाईल, औद्योगिक हब, 6–8 लेन सड़के ये सब विकास के लक्षण हैं। शिक्षा स्वास्थ्य – सुरक्षा भी निजी प्रबन्ध में जाना यह भी विकास की परिभाषा है।

बीज उर्वरक, कीटनाशी, कृषि उपकरण आदि सभी कारपोरेट घराने बना रहे हैं और अपनी तय कीमतों पर किसानों को बेच रहें हैं। W.T.O., W.B., IMF के दबाब में किसानों को दी जा रही सब्सिडी को खत्म करना ये सब खेती किसानी को खत्म करने के कदम हैं। बाहर की सस्ती सब्सिडी युक्त और जेनेटिक इन्जिनियरिंग से संशोधित – सवंद्वित कृषि जिन्सों और उनसे तैयार ढ़ेर सारी वस्तुएं भारी मात्रा में हमारे यहाँ डम्प की जा रही हैं। जिससे हमारे किसान अपने उत्पाद का उचित मूल्य नहीं ले सकते। कारपोरेट घराने, उनके कारिंदे, सत्ताधरी, नौकरशाह, सुविधाभोगी विशिष्ट अभिजन, दलाल व सट्अेबाज एक तरफ रंगरेलियां मनाने में मशगूल हैं वही किसान आत्महत्या को मजबूर है।

कारपोरेट/कान्ट्रैक्ट फार्मिंग की बहुराष्ट्रीय व्यवस्था का रास्ता साफ हो जाए इसके लिए ऐसे हालात पैदा किए जा रहें हैं कि किसान खुद व खुद मजबूर होकर खेती–बाड़ी छोड़ दें। खेती के उत्पाद सस्ते, खेती में लगने वाले निवेश महंगे, सब्सिडी में कटौती, ठेके की खेती को बढ़ावा देना, लैण्ड सीलिंग खत्म करना, पेटेण्ट व मंड़ी कानूनों में बदलाव, कृषि उत्पादों के विदेशी आयातों से मात्रात्मक प्रतिबन्धों का खात्मा, खाद्य पदाथों का औद्योगिक प्रसंस्करण आदि ऐसे कदम हैं जो छोटे–छोटे किसानों को खेती से स्वतः बेदखल कर देंगे। इन सबके वाबजूद हमारा देश कृषि प्रधान देश है और खेती किसानी की चिंता करते हैं। फिर सरकार, पहले वाली कांग्रेस व मौजूदा बीजेपी क्यों खेती किसानी को महत्व न देकर उद्योगों व विदेशी निवेश को बढ़ावा दे रही है? वास्तव में ठीक व गलत विचार तो करना ही पड़ेगा नही तो गम्भीर परिणाम भुगतने से कोई नहीं बचा सकेगा। ठीक निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए कुछ मूलभूत बातों पर विचार करना अनिवार्य हैं।

पहली बात र्निविवाद है कि खेती किसानी का उत्पाद अन्न, सब्जी, फल, दूध सभी औद्योगिक उत्पादों से महत्वपूर्ण है। इन उत्पादों का महत्त्व व्यक्ति से लेकर राष्ट्र तक है।

दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि खेतीबाड़ी दूसरे उद्योगों से कम निवेश में हो सकती हैं। तीसरी विशेषता यह है कि खेती किसानी दूसरे उद्योगों की तरह प्यार्वरण को नुकसान नहीं पहुंचाती।

चौथी आवश्यक बात यह है कि खेती किसानी के लिए हमें किसी दूसरे देश का मोहताज नहीं होना पड़ता।

हमें खेती किसानी के तरीके दूसरों से सीखने की आवश्यकता नहीं हैं।

पांचवी बात यह है कि हमारे पास खेती किसानी के लिए प्यार्प्त मात्रा में श्रम मौजूद है।

छठी महत्वपूर्ण व सौभाग्य की बात यह है कि दुनियाँ में हमारे पास खेती–किसानी के लिए सबसे उत्तम भूमि व जलवायु है। जब भूमि और जलवायु की बात आती है तो मैं किसी भी अर्थशास्त्री या वैज्ञानिक की परवाह किये बगैर यह निष्कर्ष देते देर नहीं करता कि यदि हमारी जैसी भूमि व जलवायु जापान, जर्मनी, फ्रांस, इटली, इजरायल जैसे देशों के पास होती तो वे किसी प्रकार के उद्योग धंधे की परवाह किये बगैर अकेली खेती–किसानी के बूते दुनिया के सिर–मौर हो सकते थे। सातवीं बात यह है कि खेती–किसानी, (कारपोरेट खेती नहीं) समाज में आसमान छूती गैर बराबरी पैदा नहीं करती और आठवीं महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी उद्योग के मुकाबले खेती सबसे अधिक रोजगार देती है।

अब दूसरे पक्ष को भी देखने की आवश्यकता है हमारे प्रधानमंत्री विदेशी निवेश लाकर उद्योग धंधों को बढ़ावा देने का भारी प्रयास कर रहे हैं। मिडिया, अर्थशास्त्री, पार्टी के लोग सराहना करने की होड़ लगा रहे हैं। आओ इस मुहिम को ठोस आधार पर जांचे। मान लो प्रधानमंत्री प्रत्येक महीने दो देशों में जाकर निवेश लाने में सफल रहते हैं। एक योजना मोदी जी को और दे दी जाये तो इस हिसाब से 10 वर्षों में प्रधानमंत्री 200 देशों से निवेश ले आते हैं।

मान लें प्रत्येक देश की पांच कंपनियां हमारे देश में निवेश करने पर राजी हो जाती हो और प्रत्येक 5000 लोगों को रोजगार देती हैं तो इस प्रकार 50 लाख लोगों को 10 वर्ष में रोजगार मिल सकेगा। यह आदर्श व वैचारिक स्तर की गणना है। यदि व्यवहारिक बात करें तो इस समय सभी उद्योग मिलजुल कर कुल रोजगार में लगे लोगों का केवल 10 प्रतिशत रोजगार दे रहे हैं। यह संख्या 10–12 लाख से अधिक नहीं है। वर्तमान में छोटी बड़ी 6000 कंपनियां कार्य कर रही हैं। यह भी सिद्धांत की बात है कि ज्यों–ज्यों तकनीक उन्नति करेंगी रोजगार कम होता चला जायेगा। फिर मोदी जी द्वारा लाया गया निवेश कितना रोजगार दे पायेगा यह विचारणिए बात है। जितना निवेश आयेगा उसके बदले जितना पैसा लाभ व रायल्टी के रूप में बाहर जायेगा उस पैसे में निश्चित तौर पर निवेश से मिले रोजगार से कई गुणा रोजगार मिल सकता है। इस संदर्भ में मेरी गणना को छोड़कर कुछ अन्य संबंधित व्यक्तियों की राय पर भी ध्यान देना आवश्यक है। एक आंकलन के अनुसार 1983–2000 के बीच दुनियां की 200 बड़ी कंपनियों का मुनाफा 362.4 प्रतिशत बढ़ा। जबकि कर्मचारियों की संख्या केवल 14.4 प्रतिशत बढ़ी। वर्तमान में तकनीकी उन्नति होने के कारण रोजगार 14 प्रतिशत से नीचे रहेगा, ऊपर नहीं। बिजनेस पत्रिका के अनुसार "बढ़ती कारपोरेट ताकत के व्यापक आर्थिक परिणाम हैं, हालांकि सबसे बड़ा प्रभाव राजनैतिक है क्योंकि कारपोरेशन अपनी आर्थिक गोलबंदी को राजनैतिक ताकत में तब्दील कर लेते हैं।"

ट्रासनेशनल इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट कहती है "बड़ा सवाल यह है कि सरकारों को इस बात को मानने की क्या आवश्यकता है कि डब्लू.टी.ओ. यह तय करे कि वे अपने लोगों को भोजन का अधिकार दे सकते हैं। भोजन के अधिकार को व्यापारिक नियमों में नहीं बांधा जा सकता। सेंटर फॉर इकॉनामिक पालिसी रिसर्च के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के निदेशक डे बोराह जेम्ज का कहना है– डब्लू.टी.ओ. के नियम लिखे जाने के बाद विश्व बहु–आयामी खाद्य संकटों से गुजर रहा है। उनका आगे कहना है कि यह शर्मनाक से भी बहुत ज्यादा है कि अमेरिका ने 2013 में पूरे साल इन वार्ताओं को उलझाए रखा और अंत में भारत एवं अन्य विकासशील देशों को सांत्वना पुरूस्कार के रूप में 'पीस क्लाज' थमा दी गई। अमेरिकी वाणिज्य विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार 2013 में जहां भत्तों में गिरावट आ रही थी कारपोरेट मुनाफा 85 साल में अपने उच्चतम स्तर पर था। आई.एम. एफ. के प्रबंधक के निदेशक लगार्द ने कहा है कि इस पैसे का इस्तेमाल आर्थिक विस्तार में नहीं हो रहा है। ज्यादातर कंपनियां क्षमता और रोजगार सृजन की बजाए अपने में ही निवेश कर रही हैं। ये कुछ बातें हैं जो विदेशी निवेश को बुलाकर देश की आर्थिक व रोजगार से जुड़ी समस्याओं को हल करने की श्री नरेंद्र मोदी जी की मुहीम से संबंध रखती है। अब मोदी जी व उनकी टीम को कृषि से जुड़ी योजना पर विचार कर लें। नीति आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया का विचार है कि किसान खेती छोड़कर उद्योगों में मजदूरी करें। मोदी जी ने सत्ता में आते ही राज्य सरकारों द्वारा अनाज की सरकारी खरीद पर 100–125 रू. प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाता था, उसे बंद कर दिया। कर्मचारियों को तोहफा देते हुए गांधी जी अनुसार कुटीर उद्योगों व खादी को बढ़ावा देने के लिए 1956 में बने खादी और ग्रामोद्योग आयोग (के.वी.आई.सी.) को भंग कर दिया जबकि यह उद्योग 170–200 अरब का रहा है और उसमें सवा करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ था। सारी दुनियां की कंपनियां यहां उद्योग लगाती हैं तो वैचारिक गणना के आधार पर भी अधिकतम 50 लाख लोगों को मजदूरी मिलती है जबकि खेती–किसानी 90 करोड़ लोगों को जीवन यापन का आधार देती है। 50 लाख रोजगार के लिए 90 करोड़ के रोजगार की परवाह न करना यह अर्थशास्त्र और देशभक्ति मोदी जी की सूक्ष्म बुद्धि ही समझ सकती है। यह हमारी मोटी बुद्धि से तो बाहर की बात है।

देश की मजबूती के लिए मोदी जी की चिंता पर भी विचार कर लेना अनिवार्य है। उद्योग व उद्योगपति मजबूत होने पर देश मजबूत होगा, किसान मजदूर से नहीं। पर हाल में सरकारी मीडिया द्वारा ही उजागर हुआ है कि केवल 50 डिफाल्टरों के कारण बैंकों का 1210 अरब रूपये डूब गए। 5 अरब से ज्यादा राशि के डिफाल्टरों के नाम माननीय सुप्रीम कोर्ट ने मांगे हैं। 3 हजार अरब रूपये से ज्यादा पैसा विदेशी बैंकों में पड़ा है। मैं मोदी जी से शर्त लगा सकता हूं कि अरबों रूपये का डिफाल्टर, अरबों रूपये विदेश भेजने वाला किसान व मजदूर नहीं हो सकता, वे तो देश को मजबूत करने वाले उद्योगपति ही हो सकते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि मोदी जी की सीमा पर व देश के अंदर देश की सुरक्षा में हथियार उठाने वाले किसान मजदूर के बेटे बेटियां हैं न की किसी उद्योगपति या नौकरशाह की। वास्तविकता यह है कि दबाव पड़ने पर उद्योगपति तो बड़े आराम के साथ देश छोड़कर विदेश में रह लेते हैं। अब देशभक्ति के कौन नजदीक है ये तो मोदी जी ही जानें। विकल्प क्या हो सकता है, सबसे पहले तो यह आवश्यक है कि किसान को उसके उत्पाद का उचित मूल्य मिले जिससे वह जिंदा रह सके और इस धंधे को आगे बढ़ा सके। प्रश्न है पैसा कहां से आए। देश में पैसा बहुत है जैसे सरकार की आज की वार्षिक अनाज खरीद लगभग 7 करोड़ टन है यदि वर्तमान गेहूं–चावल की सरकारी खरीद रेट को दुगुना कर दें तो लगभग 1000 अरब रूपये की आवश्यकता होगी। यह रकम उद्योग को दी जाने वाली छूट का मात्र छठा भाग है, विदेशी बैंकों में पड़ा धन भी इस किसानी सहायता का 3–4 गुना है। बैंकों के डिफॉल्टरों के खिलाफ जो पैसा है वह भी इस राशि का दुगने से भी अधिक है। अब ये तीनों कार्य तो मोदी जी के अधिकार क्षेत्र में हैं। हां अंतर इस बात का अवश्य है कि आवश्यक किसको माना जाता है? देश की ताकत खेती–किसानी–मजदूर को मानते हैं या विदेशी निवेश को।

जाट रत्न व प्रेरणास्रोत दानवीर सेठ चौधरी छाजूराम

जननी जने तो भक्त जन या दाता या शूर।
नहीं तो जननी बांझ रहे, काहे गवावे नूर।।

प्रकृति के हर स्थान पर, हर कोने में सौन्दर्य विराजता है, चाहे वह अपेक्षाकृत पिछड़ा देहात ही क्यों न हो। इसके गर्भ से भी अमूल्य हीरे निकलते रहे हैं। पारखी चाहिये, तराशने वाला चाहिये। वास्तविक भारत का दर्शन ग्रामीण अंचल में ही किया जा सकता है। ग्रामीण धरती सोना–चांदी उगलती रही है। इसी ग्रामीण अंचल में गुदड़ी के लाल होते रहे हैं। इसी ग्रामीण धरा ने श्रीकृष्ण व शिवा जैसे नीतिमान, राम जैसे मर्यादा पालक, हनुमान से वीर, भीम से पराक्रमी, अर्जुन से धनुर्धारी, भीष्म से यति, महर्षि दयानन्द से समाज सुधारक, शंकराचार्य जैसे योगी, गौतम, कपिल, कणाद और कुमारिल भट्ट जैसे विद्वान, महाराणा प्रताप जैसे शूरवीर, चन्द्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, राजगुरू सुखदेव, भगत सिंह जैसे सहसों क्रान्तिकारी महान आत्माओं को अपने अंचल में पाला है। इसी देहाती धरा ने उन महान विभूतियों को जन्मा है जिन्होंने हर प्रकार की संकीर्णताओं से, चाहे वह धर्म की हो, चाहे मजहब की हो, चाहे जाति की हो, चाहे अन्य किसी तरह की भी हो जिनसे आज का युग बदबू मारता है, उनसे उबरकर मानवता की सेवा की है। इसी ग्रामीण धरा ने लाला लाजपतराय, लालबहादुर शास्त्री, मुंशी प्रेमचन्द, हरिशन्द्र, दधीची, सेठ भामाशाह, कर्ण से दानी जैसे अनपढ़ हीरों को गढ़ा है जिन पर हमें गर्व है। दानवीर सेठ छाजूराम जी भी इसी कतार में जुड़े आधुनिक युग के भामाशाह है। वे ऐसे महापुरूष हुए हैं जिनका समस्त जीवन अपने परिश्रम से बना एक लम्बा अफसाना है।

कहाँ अलखपुरा और कहाँ कलकता? कहाँ राजा भोज और कहां गगूं तेली? यथार्थता के धरातल पर यदि सोख जाए तो परिश्रम और ईमानदारी क्या–क्या नहीं करवा सकते? चौ. छाजूराम ने खूब कमाया, शान से कमाया परन्तु मजे की बात तो यह है कि उन्होंने खूब दान किया। जनहित के लिए खूब खर्च किया, धर्म के नाम पर, शिक्षा–संस्था प्रकाश के नाम पर, मानवता के नाम पर, जाति उत्थान के नाम पर, आर्य समाज के नाम पर, वैदिक धर्म के नाम पर, वेद प्रचार के नाम पर, प्रेरणादायक राष्ट्रवादी साहित्य के प्रकाशन के नाम पर, राष्ट्र हिताय सुरक्षा के नाम पर दिए जाने वाले दानवीरों की पंक्ति में सेठ चौ. छाजूराम का नाम उज्ज्वल नक्षत्र के समान अग्रण्य है।

जन्म तथा शिक्षा : महाकवि कालिदास ने महाराजा रघु के जन्म के विषय में अपने महाकाव्य रघुवंश में लिखा है कि "भवों हि लोकाभ्युदयाय तादृशाम्" अर्थात रघु जैसे महापुरूषों का जन्म संसार के कल्याण के लिए होता है। ठीक उसी प्रकार लोक कल्याण के लिए ही दानवीर सेठ चौ. छाजूराम का जन्म 28 नवम्बर सन् 1861 को जाट क्षत्रिय लाम्बा वंश में अलखपुरा गांव (भिवानी) में हुआ। इनके पिता का नाम चौ. सालिगराम था। दानवीर चौ. छाजूराम के पूर्वज सीकर के निकटवर्ती गोठरा से आकर आबाद हुए। वहां से चलकर ढाणी माहू में बसे। ये लाम्बा आर्य क्षत्रिय पूर्वज एक अंग्रेज की जमीदारी में सामान्य जीवन व्यतीत करते थे। आपके पितामह चौ. मनीराम लाम्बा ढ़ाणी माहू गांव को छोड़कर सिरसा में जा बसे। लेकिन कुछ दिनों बाद अपके पिता चौ. सालिगराम लाम्बा सिरसा से नारनौंद (हांसी) में आकर बस गए। चन्द दिनों वहां बसेरा कर आपके पिता जी अज्ञात कारणवंश सन् 1860 में नारनौंद छोड़कर अलखपुरा गांव में जा बसे। यह गांव हांसी से कुछ दूर भिवानी जिले की तहसील बवानीखेड़ा के समीप स्थित है।

आपने प्रारम्भिक शिक्षा बवानीखेड़ा गांव के प्राथमिक स्कूल से प्राप्त की। आप आरम्भ से ही तीव्र बुद्धि बालक थे एतदर्थ हर बात को शीघ्र ही समझ लेते थे। पढ़ाई में आपकी रूचि को देखते हुए आपके पिता जी ने माध्यमिक शिक्षा के लिए आपको भिवानी के राजकीय स्कूल में प्रविष्ट करवा दिया। 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' यह युक्ति आप पर पूर्णतया चरितार्था होती थी। कठोर परिश्रम व अनुशासन के मतवाले इस बालक पर गुरूजनों की आशीष वर्षा होने लगी। गुरूजन की प्रेरणा से यह बालक अध्ययन की उन्नत पराकाष्ठा को छूने लगा। मिडल कक्षा में अच्छे अंक लेकर उर्तीर्ण होने के बाद बालक छज्जू को रिवाड़ी के हाई स्कूल में प्रविष्टी मिल गई। रिवाड़ी से मैट्रिक की परिक्षा उर्तीण करते ही इनके अध्ययन में व्यवधान आ पड़ा। पारिवारिक परिस्थितियोंवश बालक छाजूराम अग्रिम पढ़ाई न कर सका। उल्लेखनीय है कि चौ. छाजूराम के पिता जी की आर्थिक स्थिति उन दिनों अच्छी खासी न थी। इस बात का पता हमें 'अलखपुरा से कलकता' नामक पुस्तक जो मेरे अग्रेज भ्राता प्रताप सिंह शास़्री ने लिखी है, से पढ़कर चलता है।

विवाह : दानवीर सेठ चौ. छाजूराम का विवाह डोकहा (दादरी तहसील) ग्राम की सुन्दर कन्या से हुआ। विवाह के कुछ दिनों बाद हैजे की बीमारी के कारण वह स्वर्ग सिधार गई और उससे कोई सन्तान नहीं हुई थी। तत्पश्चाद् दूसरा विवाह गांव निलावल (भिवानी) की बुद्धिमत्ती कन्या लक्ष्मी देवी से 1890 के आसपास हुआ। वह साक्षात् ही लक्ष्मी का रूप बनकर आई। इससे आपको 6 सन्तानें उत्पन्न हुई। सबसे बड़ा पुत्र सज्जन कुमार जो युवावस्था में ही स्वर्ग सिधार गया। उससे छोटा पुत्र जो छोटी आयु में ही परमात्मा को प्यारा हो गया। कमला देवी नामक पुत्री बचपन में ही स्वर्गधाम चली गई। दो सुपुत्र महेन्द्र कुमार व प्रद्युम्न कुमार आजकल दिल्ली, कलकता, अलखपुरा तथा शेखपुरा में निवास करते हैं। उनकी दूसरी पुत्री सावित्री देवी भारतवर्ष के प्रसिद्ध डॉ. भूपाल सिंह के सुपुत्र डॉ. नौनिहाल सिंह मेरठ निवासी के साथ परिणय सूत्र में बन्धी थी जिनका समाज में अच्छा रूतबा है।

हजारी बाग कलकता को प्रस्थान : अध्ययन काल में चौ. छाजूराम का सम्पर्क आर्य समाजी इंजीनियर शिवनाथ राय साहिब तथा रिवाड़ी में रेलवे स्टेशन मास्टर का स्थानान्तरण रिवाड़ी से कलकता हो

गया। वे चौ. छाजूराम को अपने साथ हजारी बाग कलकता ले गए। वहां रहकर आप बंगाली स्टेशन मास्टर के बच्चों को पढ़ाने लगे और अपने रोजगार व कार्य की तलाश में तत्पर रहने लगे। उसीसमय आपका संपर्क राजगढ़ के सेठ जी के साथ हो गया। उनका कलकत्ता में व्यापार चलता था। उससमय कलकत्ते के व्यापार पर मारवाड़ी सेठों का कब्जा था, वे अंग्रेजी नहीं जानते थे। अतः आप बतौर मुंशी उनके पत्र अंग्रेजी में लिख दिया करते थे जिसके कारण आपको व्यापार की अत्यधिक बातों का ज्ञान हो गया। आपने अपनी कुशाग्र बुद्धि से शीघ्र ही दलाली के व्यापार को भी समझ लिया तथा बहुत शीघ्र ही पटसन के व्यापार में सम्मिलित हो गए।

व्यापार में प्रवेश : स्टेशन मास्टर को 6–7 मास बाद कोई अपना परिचित स्थानीय बंगाली अध्यापक उसके बच्चों को पढ़ाने के लिए मिल गया। उसने चौ. छाजूराम को वापिस हरियाणा लौट जाने को कहा लेकिन युवक छाजूराम पर मानों मुसीबतों का पहाड़ टूट गया। घर वापिसी के लिए उनके पास किराया भी न था लेकिन उन्होंने ध ैर्य नहीं छोड़ा। राय बहादुर नरसिंगदास जोधराज भिवानी उनकी जिंदगी में बहार बनकर आए जो कलकत्ता में ही व्यापार करते थे। उनकी सहायता से चौ. छाजूराम ने व्यापार जगत में प्रवेश किया।

कुछ समय बाद ही चौ. छाजूराम को एण्डरू यूल एण्ड कंपनी में दलाली का काम मिल गया। इस कंपनी से चौ. साहब को 75 प्रतिशत दलाली मिलती थी। यह अंग्रेजी कंपनी थी, इस कंपनी में जूट का कारोबार था। कलकत्ता में रहते हुए चौ. छाजूराम ने अपने सद्व्यवहार से व्यापार जगत की जानी मानी हस्तियों श्री जयनारायण, श्री रामचन्द्र, श्री ताराचंद, श्री घनश्यामदास बिड़ला, रामगढ़िया आदि सेठों से अपनी मित्रता स्थापित कर ली। धीरे–धीरे चौ. छाजूराम कलकत्ता में परिश्रमपूर्वक कंपनियों के हिस्से खरीदते रहे और अन्य ख्याति प्राप्त सेठों के बराबर के ही हो गये। कुछ ही समय बाद चौ. छाजूराम ने कलकत्ता में जूट का कारोबार पूर्ण रूप से अपने हाथ में ले लिया। कलकत्ता की मार्किट में वे 'जूट के बादशाह' के नाम से विख्यात हो गये। देश के बड़े–बड़े करोड़पतियों में उनकी गणना की जाने लगी।

व्यापार चरम सीमा पर : चौ. छाजूराम कलकत्ता की 24 कंपनियों के सबसे बड़े शेयर होल्डर (हिस्सेदार) थे। जिनमें से दस एण्डरू यूल एण्ड कंपनी, दो आबारा हर्टा, दस बर्ड एण्ड कंपनी और दो जार्डन एण्ड कंपनी के थे। एण्डरू यूल एण्ड कंपनी की दस और बिड़ला ब्रादर्स की दो, कुल 12 कंपनियों के आप निदेशक थे। आप पंजाब नैशनल बैंक के भी निदेशक रहे। आपको इन हिस्सों (शेयरों) के कारण 16 लाख रूपये प्रति वर्ष लाभांश मिलता था। आपका व्यापार चरम सीमा पर था। आप समुद्री जहाज भरकर विदेशों में पटसन भेजते थे। करोड़ों रूपया बैंकों में जमा था। 24 कंपनियों के 75 प्रतिशत हिस्से आपके थे। कलकत्ता में सैंकड़ों एकड़ भूमि में हुगली नदी व रेलवे स्टेशन कलकत्ता के पास बाग था। कलकत्ता के बाजार में कई लेट थे। चितरंजन ऐवन्यू पर कई मंजिला निवास था। सैंट्रल एवेन्यू कलकत्ता में आलीशान कोठियों के अतिरिक्त शानदार वैभव युक्त एक अतिथि भवन था जो उन दिनों पांच लाख रूपये की लागत से निर्मित था। हिसार में पांच संपूर्ण गांव आपके थे। अलखपुरा और शेखपुरा में दो शानदार कोठियां थीं। खन्ना (पंजाब) में मूंगफली का कारखाना था। कलकत्ता में छह शानदार कोठियां थीं आदि–आदि धन दौलत तथा बहुमूल्य "रोल्स रॉयल" कार थी जिसकी कीमत उन दिनों एक लाख थी।

आपने इस प्रकार अपने कठोर परिश्रम तथा खून पसीने से ईमानदारी व नेक नियति से कमाकर अतुल धन दौलत के दर्शन किए। इसी अतुल धन दौलत की कमाई के साथ–साथ दिल खोलकर उदारता से दान भी किया।

दानवीर सेठ चौ. छाजूराम द्वारा लोक कल्याणार्थ एवं शिक्षा संस्थान, प्रकाशार्थ दान योग्यता : दानवीर सेठ चौ. छाजूराम ने कहा था कि "इतना धन होने की दशा में मनुष्य को जो दुर्व्यसन लग जाते हैं, मैं आर्य समाज के संसर्ग से उनसे बचा रहा। जिस प्रभु ने मुझ पर इतनी कृपा की उनके नाम पर, जो भी दान करूं वही थोड़ा है।"

सेठ छाजूराम ने देश को उन्नति के शिखर की ओर ले जाने के लिए शिक्षा को माध्यम बनाया। उन्होंने शिक्षा के प्रसार व प्रचार के लिए अपने खजाने का मुंह खोल दिया और सैंकड़ों शिक्षण संस्थाएं स्थापित करने में अहम भूमिका अदा की।

स्वामी श्रद्धानंद जी ने गंगा के किनारे हरिद्वार में जिस गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की उसमें सेठ चौ. छाजूराम ने दिल खोलकर दान दिया। कनखल में डॉ. संसार सिंह ने जो कन्या गुरुकुल बनवाया उसके भवन निर्माण में सबसे अधिक धन चौ. छाजूराम ने दिया। वृंदावन व वोलपुर गुरुकुलों में दिये गए दान का विवरण वहां के पत्थरों पर अंकित शब्द दानवीरों की कहानी कह रहे हैं जिनमें सर्वोच्च नाम सेठ चौ. छाजूराम का है।

दानवीर सेठ चौ. छाजूराम कलकत्ता में 19 विधान सरणी आर्य समाज कलकत्ता की प्रबंधक कमेटी के कोषाध्यक्ष थे। 'आर्य सभा कलकत्ता का इतिहास' पुस्तक के लेखक प्रो. उमाकांत उपाध्याय के अनुसार सन् 1855 ई. में आर्य समाज कलकत्ता की स्थापना में लक्ष्मी और सरस्वती का अच्छा संगम हो गया था। राजा तेजनारायण धनवान, संपन्न और श्रद्धावान व्यक्ति थे तथा आर्य समाज के प्रथम प्रधान थे। वे आर्य समाज के लिए धन देने में भी नहीं हिचकते थे। थोड़े ही दिनों बाद दानवीर चौ. छाजूराम, सेठ जयनारायण पोद्दार, लाला रघुमल जी, रायबहादुर रलाराम जी इत्यादि संपन्न व्यक्तियों का आर्थिक सहयोग आर्य समाज कलकत्ता को मिलने लगा। आर्य समाज कलकत्ता 19 विधान सरणी पहले 19 कार्नवालिस स्ट्रीट नाम से था। इसके ट्रस्टियों में 9 व्यक्तियों के नाम उल्लेखनीय हैं जिनमें तीसरे नंबर पर दानवीर सेठ चौ. छाजूराम (जो पेशा ब्रोकरेज का काम करते थे ऐसा लिखा है) का नाम ट्रस्टियों में लिखा है। भूमि इन नौ व्यक्तियों के नाम ट्रस्ट के लिए खरीदी गई थी। सन् 1910 का आर्य समाज कलकत्ता के भवन बन चुके थे जिनमें अधिकतर योगदान सेठ चौ. छाजूराम का था। इन्हीं दिनों सेठ छाजूराम ने स्त्री शिक्षा की

अनिवार्यता को समझते हुए आर्य कन्या पाठशाला के लिए विशाल ध न राशि दान में दी थी।

सन् 1877 में लाहौर में आर्य समाज स्थापित हो चुका था। सन् 1883 में महर्षि दयानन्द मोक्षधाम चले गए और उनकी स्मृति में डी.ए.वी. हाई स्कूल एवं डी.ए.वी. कॉलेज लाहौर की स्थापना हुई। जिन दिनों डी.ए.वी. कॉलेज लाहौर आर्थिक संकट से गुजर रहा था, उन्हीं दिनों एडवोकेट लखपतराय, बाबू चूड़ामणि, डॉ. रामजीलाल तथा महात्मा हंसराज सेठ चौ. छाजूराम के पास दान मांगने गये तो पहले उन्होंने 21 हजार फिर 31 हजार रुपये मांगने का विचार किया। परंतु सेठ चौ. छाजूराम ने उनको आशा से अधिक 50 हजार रुपये दान दिया। इसका उल्लेख डॉ. रामजीलाल की डायरी में मिलता है।

सन् 1886 में पंजाब केसरी लाला लाजपतराय ने हिसार में आर्य समाज नागोरी गेट की स्थापना की। दानवीर सेठ छाजूराम हिसार जिला के निवासी थे। अतः हिसार क्षेत्र के प्रबुद्ध आर्य महापुरुषों (सेठ चन्दूलाल तायल, बाबू चूड़ामणि एडवोकेट, पं. लखपतराय एडवोकेट, डॉ. रामजीलाल हुड्डा सिविल सर्जन हिसार, लाला हरिलाल तायल, राजमल जैलदार खाण्डा निवासी, शीशराम आर्य भजनोपदेशक, लाला लाजपतराय आदि) के साथ दानवीर सेठ छाजूराम जी के मैत्री संबंध थे। चौ. छाजूराम ने आर्य समाज के भवन निर्माण के लिए उस समय जो दान दिया वह स्मरणीय है।

सन् 1909 में अनाथालय भिवानी की स्थापना में चौ. छाजूराम जी ने दिल खोलकर दान दिया। महात्मा हंसराज के शिष्य भानीराम गांव गंगाना (सोनीपत) ने रोहतक में जाट हाई स्कूल खोलने का निर्णय लिया परंतु अचानक चेचक के कारण उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद चौ. बलदेव सिंह धनखड़, चौ. मातूराम सांघी, डॉ. रामजीलाल इत्यादि के प्रयासों से सन् 1913 में रोहतक में जाट एंग्लो वैदिक हाई स्कूल की स्थापना हुई। 1916 में जब रोहतक जाट स्कूल का वार्षिक सम्मेलन रखा गा तो इस अवसर पर सेठ चौ. छाजूराम को भी निमंत्रण दिया गया। दानवीर सेठ चौ. छाजूराम ने सम्मेलन अवसर पर 61 हजार रुपये दान में दिए तथा मंच में घोषणा की कि जो छात्र इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में प्रथम रहेगा। उसे सोने का मैडल तथा कॉलेज की पढ़ाई के लिए 12 रुपये मासिक वजीफा दिया जायेगा। यह सम्मान उस समय चौ. सूरजमल (हिसार) ने प्राप्त किया।

सेठ चन्दूलाल तायल की मृत्यु के बाद जब सन् 1918 में हिसार में सी.ए.वी. हाई स्कूल की स्थापना हुई तो दानवीर सेठ चौ. छाजूराम ने 61 हजार रुपये दान भवन निर्माणार्थ दिया तथा 50 हजार रुपये उन छात्रों के लिए छात्रवृत्ति हेतु दिए जो मेधावी छात्र हों तथा शिक्षा पूरी होने तक ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करें।

हिसार में सन् 1920–21 में आपने जाट एंग्लो वैदिक हाई स्कूल की स्थापना का विचार बनाया। खरड़ गांव के एक व्यक्ति की जमीन खरीदी गई और दानवीर सेठ छाजूराम ने अपने पुत्र की स्मृति में पांच लाख रुपया लगाकर भवनों का निर्माण करवाया जिसका उद्घाटन तत्कालीन पंजाब के गवर्नर ने सन् 1925 में किया। आज यह संस्था डिग्री कॉलेज, बी.एड. प्रशिक्षण कॉलेज, पब्लिक स्कूल, लॉ कॉलेज, स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रूप में विस्तृत होकर इस क्षेत्र में शिक्षा की ज्योत जलाये हुए हैं।

संगरिया विद्यापीठ जो सन् 1917 में जाट हाई स्कूल के रूप में स्थापित हुआ था, वहां भी बहुत बड़ी राशि दानवीर सेठ चौ. छाजूराम ने दान में दी। गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ दिल्ली, गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार (पुराना भवन कांगड़ी गांव के पास) का भवन निर्माण चौ. छाजूराम ने करया। गुरुकुल वृंदावन, गुरुकुल कुरुक्षेत्र आदि को भी आर्थिक सहयोग दिया। गांव खाण्डाखेड़ी हिसार में आर्य समाज मंदिर व आर्य कन्या पाठशाला का निर्माण भी उनके सहयोग से हुआ। जिन दिनों पं. मदन मोहन मालवीय जी बनारस में हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए दान राशि एकत्रित करते घूम रहे थे, सेठ छाजूराम ने सबसे अधिक 11 हजार रुपये की राशि दान में थी।

सन् 1920 में कांग्रेस अधिवेशन होने पर लाला लाजपतराय को कांग्रेस प्रधान बनाया गया। इस दानवीर ने अपने मित्र के सम्मान में प्रीतिभोज का आयोजन कर लोगों का मन मोह लिया। सन् 1929 में रावी नदी के किनारे लाहौर में कांग्रेस अधिवेशन में पं. जवाहरलाल नेहरु प्रधान बने तो इस अवसर पर सेठ छाजूराम ने राजमल जैलदार को प्रेरित कर किसानों का जत्था लाहौर भिजवाया। सन् 1925 में अखिल भारत वर्षीय जाट महासभा के पुष्कर अधिवेशन में जिसके सभापति भरतपुर महाराज श्री कृष्ण सिंह थे, उसका सारा व्यय चौ. छाजूराम जी ने दिया। जब रविन्द्रनाथ टैगोर ने शांति निकेतन विद्यालय का वार्षिक अधिवेशन किया और सभी धनाढ्य व्यापारियों से वहां पधारने की प्रार्थना की तब छोटा व्यापारी समझकर उन्हें अधिवेशन में आमंत्रित नहीं किया गया। अपने मित्र सेठ बिड़ला के कहने पर वे अधिवेशन में सम्मिलित हुए। जब टैगोर जी झोली फैलाकर सबके पास दान राशि लिख रहे थे तो सभी ने अपनी–अपनी दान राशि की रसीदें प्राप्त कर ली। अंततः रविन्द्रनाथ टैगोर चौ. छाजूराम के पास पहुंचे तो सेठ जी ने कहा कि आप रसीदों में से सबसे अधिक दान वाली रसीद निकालो तो 5 हजार रुपये की बिड़ला जी की थी। उसी समय चौ. छाजूराम ने 20 हजार रुपये की राशि दान में दी तथा सभी को दुगुनी राशि करने को कहा। कहते ही सभी ने दुगुनी राशि दान में दे दी। यह देखकर रविन्द्रनाथ टैगोर चकित रह गए।

कलकत्ता में श्री चितरंजन दास की स्मृति में एक स्मारक बनाने के लिए महात्मा गांधी दान एकत्रित कर रहे थे। गांधी जी चौ. छाजूराम के पास भी आये तथा दान की अपील की। दानवीर सेठ चौ. छाजूराम ने गांधी जी से कहा कि इसी उद्देश्य के लिए एक पार्टी को ग्यारज हजार रुपये दान दे चुका हूं। आपको ये मेरे बैंक खाते की चैक बुक दे रहा हूं आपकी जो इच्छा हो वह राशि आप स्वयं भर लें। गांधी जी ने एकत्रित की गई राशि में 10 हजार की कमी बताई। धन्य हैं सेठ छाजूराम जिसने यह सुनते ही दस हजार रुपये गांधी जी

को नकद भेंट कर दिये। इतना ही नहीं इससे पूर्व जब गांधी जी देश की स्वतंत्रता के लिए, आंदोलन चलाने के लिए धन एकत्रित कर रहे थे तब सेठ छाजूराम से उन्होंने दान देने के लिए कहा। गांधी जी ने सोचा था यह व्यक्ति क्या दान देगा? तब सेठ भामाशाह की याद को ताजा करते हुए चौ. छाजूराम ने कहा था कि महात्मा जी् जब समस्त कलकत्ता में दान राशि एकत्रित हो जाए तब मेरे पास आना। गांधी जी दान राशि एकत्रित कर पुनः उनके पास आये तो धन्य हैं चौ. छाजूराम जिन्होंने अकेले ही उतनी राशि गांधी जी को दान में देकर सम्मान के साथ विदा किया। जितनी समस्त कलकत्ता में एकत्रित हुई थी और गांधी जी स्वयं इस दान पर आश्चर्य कर रहे थे। महात्मा गांधी ने चौ. छाजूराम को सेठ की उपाधि से तब विभूषित किया था।

नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का दानवीर सेठ छाजूराम से निकट का संबंध व मित्रता थी। जिन दिनों पं. मोतीलाल नेहरु कांग्रेस के प्रधान बने तब नेता जी सुभाष चन्द्र व उन्हें कलकत्ता बुलाकर उनका अभिनन्दन किया गया। इस समारोह का सारा खर्च दानवीर सेठ चौ. छाजूराम ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस को सहर्ष दिया था। इसके अतिरिक्त कांग्रेस द्वारा चलाये जाने वाले आंदोलनों के लिए भी अलग से समय–समय पर दान दिया वह अत्यधिक स्तुत्य है।

सेठ चौ. छाजूराम की देशभक्ति भी छुपने–छुपाने वाली नहीं है। कलकत्ता में उनकी कोठी अंग्रेजों की विशेष कालोनी में थी। उनकी मित्रता देशभक्त, आंदोलनकारी, विद्रोही, क्रांतिकारी आर्य पुरुषों से थी। इसका स्पष्ट प्रमाण है कि साण्डर्स वध के बाद क्रांतिकारी देशभक्त सरदार भगत सिंह खाण्डा खेड़ी निवासी (हिसार) के जैलदार राजमल की योजना के तहत कलकत्ता में सेठ छाजूराम की कोठी पर पहुंचे और एक महीना तक वहां रहे। भगत सिंह का टोप वाला चित्र उसी समय का है। दानवीर सेठ छाजूराम की कोठी में ऊपरी मंजिल पर रहते हुए सेठ जी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी जी स्वयं भोजन बनाकर भगत सिंह को देती थी जबकि परिवार का भोजन नौकर ही बनाते थे।

अकाल पीड़ितों व बाढ़ पीड़ितों की सहायता में भी वे कभी पीछे नहीं रहे। संवत् 1956 के भयंकर अकाल में, सन् 1930 के भयंकर अकाल में, सन् 1914 में दामोदर घाटी में भयंकर बाढ़ के समय, सन् 1935 में क्वेटा में भूकंप के आने से विनाशकारी समय में, सन् 1909 में देश में प्लैग की महामारी के समय, सन् 1918 में कार्तिक की बीमारी के समय आदि अनेक अवसरों पर सेठ छाजूराम ने अपनी दान राशि भेजकर जगह–जगह आवश्यकता अनुसार आर्थिक सहायता की जिससे मनुष्य जाति के अतिरिक्त पशुओं को भी राहत मिली और उनकी जीवन रक्षा हुई।

भिवानी में पीने के पानी का संकट गहरा गया था। यह सन् 1928 की बात है चौ. घासीराम तहसीलदार, पं. नेकीराम शर्मा, श्रीदत्त वैद्य आदि एक डैपूटेशन बनाकर कलकता पहुंचे। सेठ छाजूराम ने इन्हें 2.50 लाख रुपया कलकता से दान दिलवाया तथा 50 हजार रुपया स्वयं अलग से दान दिया।

महाराजा भरतपुर अंग्रेजों के कर्जदार हो गए थे और अपने कर्मचारियों, सैनिकों को वेतन देने में आर्थिक संकट से जूझ रहे थे तब महाराजा ने अपने राजस्व मन्त्री भालोट निवासी चौ. लालचन्द को कलकता में सेठ छाजूराम के पास सहायतार्थ भेजा। चौ. छाजूराम ने 2.50 लाख रुपया नकद देकर आर्थिक संकट में भरतपुर के महाराजा सर कृष्ण सिंह की सहायता की। यह घटना सन् 1926 की हैं।

स्वामी रघुनाथ की योजना के अनुसार भिवानी में जन–स्वास्थ्य कार्य के लिए चौ. छाजूराम ने अपनी पुत्री कमला की स्मृति में 5 लाख रुपये देकर लेडी हैली हॉस्पिटल का निर्माण करवाया। भिवानी जिला के मिराण गांव में विशाल जल कुण्ड बनवाया। वैदिक एवं लौकिक साहित्य के प्रति भी दानवीर सेठ चौ. छाजूराम जागरूक थे। उन्होंने सन् 1910 में चारों वेदों का भाष्य लिखने के लिए वैदिक विद्वान आर्यमुनि से प्रार्थना की। जब भाष्य पूरा हुआ उसकी छपाई का सारा खर्च चौ. छाजूराम ने वहन किया। लौकिक साहित्य में श्री कलिका रंजन कानूनगो से जाट इतिहास लिखने की प्रार्थना की जो 'हिस्ट्री ऑफ जाट्स' शीर्षक से अंग्रेजी में छपा। जिसके प्रकाशन में दानवीर सेठ छाजूराम ने आर्थिक सहयोग दिया।

सामान्य परिस्थिति रहते हुए भी एक श्रेष्ठ पुरूष अपने पुरूषार्थ व ईमानदारी से कैसे उच्च कोटी तक पहुंच सकता है इसका उदाहरण बाबू छाजूराम जी के सफल जीवन से मिलता है। इस लेख में उनका सम्पूर्ण जीवनवृत नहीं लिखा जा सकता है। मैंने अल्पीयांस सा प्रयास किया है। दीनबन्धु चौ. छोटूराम का उनसे कैसे सम्पर्क हुआ, उन्होंने उसे पढ़ने में सहायता की तथा राजनीति में भी उनके मार्गदर्शक बने रहे यह अलग प्रकरण बन पड़ा है फिर भी संक्षिप्त रूपेण लिखा जा रहा है।

सेठ चौ. छाजूराम की मुलाकात गाजियाबाद स्टेशन पर युवक छोटूराम से हुई। बातों ही बातों में चौ. छाजूराम ने भांप लिया कि यह युवक छोटूराम को आश्वस्त करते हुए कहा कि "यदि तुम संस्कृत से बी.ए. करना चाहते हो तो मैं तुम्हारा सारा खर्चा दूंगा। तुम पढ़ों, आर्थिक समस्या से तृस्त हुए अपनी मंजिल को मत छोड़ों।" इस प्रकार युवक छोटूराम ने ऐसा ही किया। स्मरण रहे कि सर छोटूराम ने चौ. छाजूराम को धर्म–पिता मान लिया और तो जिन्दगी अहसानमन्द होकर उनका आदेश शिरोधार्य रखा। सर छोटूराम जो कुछ भी बने दसका सारा श्रेय सेठ छाजूराम को जाता है। राजनीति के शीर्ष पर पहुंचकर सर छोटूराम ने पंजाब की राजनीति को हिला कर रख दिया।

आगे चलकर सन् 1926 में सर छोटूराम की यूनियनिष्ट पार्टी से चौ. छाजूराम एम.एल.सी. बने। पंजाब में सन् 1926 का यह चुनाव शहरी वर्सिज देहात लड़ा गया था, जिसमें सेठों ने चौ.

छोटूराम जी की जमीदारा लीग पार्टी को हराने में पूरी ताकत झोंकी थी। चौ. छाजूराम यह चुनाव में कूद पड़े तथा अपने प्रतिद्वन्दी उम्मीदवार लाला लाजपतराय को भारी मतों से हराया। सेठ छाजूराम गन्दी राजनीति से सदैव दूर रहे। सन् 1928 में चौ. छाजूराम के बड़े सुपुत्र सज्जन कुमार एम.एल.सी. बने। सत्य है कि चौधरी छोटूराम और दानवीर सेठ चौ. छाजूराम का सम्बन्ध ठीक वैसा ही प्रतीत होता है जैसा मार्क्स और एंगेल्स का सम्बन्ध, देशभक्त महाराजा प्रताप और दानवीर भामाशाह का सम्बन्ध था।

अपने समय के भामाशाह दानवीर सर सेठ चौ. छाजूराम ने प्रेरणा स्रोत सद्गार व्यक्त करते हुए कहा था कि – "मैंने एक ऐसी जाति में जन्म लिया है, यहां व्यापार कभी किसी ने नहीं किया, मैं वही कार्य करता हूँ। मैंने दरिद्रता की चरम सीमा अपने जीवन में देखी है जबकि आज लोग मुझे करोड़पति कह देते हैं। जितना में दान देता हूं उतना ही अधिक भगवान मुझे लाभ दे देते हैं। मेरी इच्छा रुपया कमाकर गरीबों का उद्धार, शिक्षा और कल्याण के कार्य करने की थी। वह भगवान की दया से लगभग पूरी हो गई, अब बेशक मैं परम पिता परमात्मा को प्यारा हो जाऊ। मेरी कोई विशेष इच्छा शेष नहीं हैं।"

सेठ चौ. छाजूराम का यह कथन हमें आलोकित कर रहा है, प्रेरित कर रहा है कि "यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखों।" इस सनातन नियम का उन्होंने अपने जीवन में अच्छी प्रकार से अनुभव करके देखा। हमारे वेदशास्त्र कहते हैं कि –

दानं भोगो नाशः तिस्रः गतयो भवन्ति वित्तस्य।
या न ददाति न भङ्क्ते तस्य तृतीया गतिर्भवति।।

इस वेद शिक्षा का सेठ छाजूराम ने सदैव आचरण किया। खूब कमाया, खूब भोग किया और खूब दान दिया। धर्म ग्रन्थ बाइबिल कहता है – तीन सद्गुण हैं – आशा, विश्वास और दान। दान इनमें सबसे बढ़कर है। वास्तव में चौ. छाजूराम का जीवन बाइबिल के कथन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। दान देने में ख्याति की पराकाष्ठा ने भी उनको गर्वीला नहीं बनाया। व्यापार की चरम सीमा का कभी भी उन्होंने लेशमात्र भी अभिमान नहीं किया। वास्तव में वे इन्सान ही नहीं देवता थे।

7 अप्रैल 1943 का वह दुर्दिन था जब अपने समय के सेठ भामाशाह चौ. छाजूराम चार महिने की लम्बी बीमारी के बाद स्वर्ग सिधार गए। उस दिन सर छोटूराम बहुत रोये थे। सेठ घनश्यामदास बिड़ला व उनके भाई जुगल किशोर बिड़ला शव यात्रा में सम्मलित थे, उनकी अश्रुधारा भी रूक नहीं पा रही थी। दीनबन्धु चौ. छोटूराम ने उनके निधन पर कहा था कि "भारवर्ष का महान दानवीर गरीबों और अनाथों का धनवान पिता, पतितोद्धारक तथा मेरे धर्म पिता आज अमर होकर हमारे लिए प्रेरणास्रोत बन गये। मैं अपने पिता के महाप्रयाग पर श्रद्धाज्जलि अर्पित करता हूं और उनकी इच्छाओं, आकांक्षाओं के अनुसार कार्य करने का संकल्प लेता हूं।"

ऐसे महादानी, महामानव का जन्म पुनः इस धरणी पर हो इसी चाहत के साथ उन्हें शत–शत प्रणाम करता हूँ।

चला जाऊँगा जब मैं छोड़कर आशियाने को।
वफाएं याद आएंगी मेरी इस जमाने को।।

बोया पेड़ बबूल का

कहते है शादी के पहले आदमी सुपरमैन, शादी के बाद जेंटलमैन, शादी के पांच साल बाद वाचमैन और शादी के दस साल बाद वाचमैन और शादी के बीस साल बाद स्पाइड़रमैन बन जाता है। घर–गृहस्थी के मकड़जाल में उलझा महंगाई की मार को झेलता कभी शादी के मुहुर्त को कोसता है, तो कभी बीवी से झगड़ता, तो कभी–कभी बच्चों को पीटकर अपनी भड़ास निकालता है कबीर ने ठीक कहा है –

करना था सो क्यों किया, अब करि क्यों पछताएं,
बोया पेड़ बबूल का, तो आम कहां से पाए।

अब पछताने से क्या होना। किसी ने सही कहा है, शादी ऐसा लड्डू है जो खाए सो पछताए और जो न खाए सो भी पछताए। जब पछताना ही है तो खाकर पछताए। आज जीवन में अनेक बबूल हैं। एक बाप चार–चार बबलुओं को पालता है किन्तु चार बबूल मिलकर एक बाप को नहीं पाल सकते। पारिवारिक–सामाजिक जीवन से आस्था नदारद हो गई है। पतिश्री दर्द से कराह रहे हैं और पत्नी जी किटी पार्टी में व्यस्त हैं। संवेदना शून्य हो गए हैं सामाजिक सरोकार। मर्यादा, किसके साथ क्या व्यवहार हो सब भूल गए हैं। छोटे–बड़े की मर्यादा तिलमात्र भी देखने को नहीं मिलती। सब कुछ अस्त–व्यस्त। बड़ों के आदेंशों की अवहेलना अब हेकड़ी–बहादुरी मानी जाती है आईने पर अब्दुलरब सादा साहब कहते हैं –

आदमी नकाबों में खुद को क्या समझता है,
आदमी कैसा है ये आइना समझता है।

कई ढ़ोगी, पाखंड़ी भी हैं जो पूरा–पाठ, तंत्र–मंत्र की आड़ में अपना उल्लू सीधा करते हैं। प्रपंच–पाखंड जब पकड़ा जाता है तो जेल की हवा खाते हैं। बाहर से साधु और अंदर से शैतान। इसी संदर्भ में बच्चन जी की पंक्तियां –

मैं छिपाना जानता तो जग मुझे साधु समझता
शत्रु, मेरा बन गया है छलरहित व्यवहार मेरा।

अब घर झूठ बोलने के लिए ट्रेंनिंग सेंटर हो गए हैं। घर में बैठे हुए हैं टेलीफोन की घंटी बजती है। बच्चे से कहते हैं, फोन उठाओ। कौन है? कह दो पापा घर पर नहीं हैं – ऐसी घटनाएं आम हो गई हैं। बबूल के पेड़ में कांटे बहुत होते हैं। लोग इससे बचकर निकलते हैं। भाई बबूल के कांटों से बचकर तो निकल जाओंगे पर जो अपने आसपास स्वार्थरूपी कांटों का घना जंगल बो रखा है, उससे कहां तक बच पाओंगे? लोक व्यवहार में चाल–चलन से खराब, व्यसनी, जुआरी शराबी आदि को बबूल का पेड़ समझते हैं। बबूल में कांटे होते हैं। वे उस्ताद होते हैं, जो कांटे से कांटा निकालते हैं।

देश की जनता ही है भारतमाता

-जवाहरलाल नेहरू, प्रथम प्रधानमंत्री

(एक साधन संपन्न परिवार में पला–बड़ा हुआ जवाहर लाल नेहरू युवावस्था में ही आम जनता की चिंता करता था। देश के स्वतंत्रता संग्राम में उसने बढ़चढ़ कर भाग लिया, जेलों में गया। उसका मानना था कि जिस चीज का सबसे अधिक महत्व है, वह है भारत की जनता। भारतमाता देश के करोड़ों लोग हैं जिनमें हट्टा–कट्टा जाट भी शामिल है, इसी जनता जनार्दन की जय ही भारत माता की जय है। अधिक जानकारी के लिये पढ़ें यह ज्ञानवर्धन लेख।)

पुस्तकों, प्राचीन स्मारकों और विगत सांस्कृतिक उपलब्धियों ने यद्यपि मुझमें एक हद तक भारत की समझ पैदा की, लेकिन मुझे उनसे संतोष नहीं हुआ, न ही वे मुझे वह उत्तर दे सकीं, जिसकी मैं तलाश कर रहा था। वर्तमान मेरे लिए, और मुझ जैसे बहुत से अन्य लोगों के लिए मध्ययुगीनता, भयंकर गरीबी व दुर्गति और मध्य वर्ग की कुछ–कुछ सतही आधुनिकता का विचित्र मिश्रण है। मैं अपने वर्ग और अपनी किस्म के लोगों का प्रशंसक नहीं था, फिर भी भारती संघर्ष में नेतृत्व के लिए मैं निश्चित रूप से इसी वर्ग की ओर देखता था। यह मध्य वर्ग बंदी और सीमाओं में जकड़ा हुआ महसूस करता था और खुद तरक्की और विकास करना चाहता था। अंग्रेजी शासन के ढांचे के भीतर ऐसा न कर पाने के कारण उसके भीतर विद्रोह की चेतना पनपी। लेकिन यह चेतना उस ढांचे के खिलाफ नहीं जाती थी, जिसने हमें रौंद दिया था। ये उस ढांचे को बनाए रखना चाहते थे और अंग्रेजों को हटाकर उसका संचालन खुद करना चाहते थे। ये मध्य वर्ग के लोग इस हद तक इस ढांचे की पैदाइश थे, कि उसे चुनौती देना या उसे उखाड़ फेंकने का प्रयास करना इनके बस की बात नहीं थी।

नई ताकतों ने सिर उठाया और वे हमें ग्रामीण जनता की ओर ले गईं। पहली बार एक नया और दूसरे ढंग का भारत उन युवा बुद्धिजीवियों के सामने आया, जो इसके अस्तित्व को लगभग भूल ही गए थे या उसे बहुत कम अहमियत देते थे। यह दृश्य बेचैन कर लेने वाला था– अपनी भयंकर दुर्दशा और समस्याओं के विस्तार के कारण नहीं, बल्कि इसलिए कि उसने हमारे कुछ मूल्यों और निष्कर्षों में संदेह उत्पन्न कर दिया था। तब हमने भारत के वास्तविक रूप की तलाश शुरू की और इससे हमारे भीतर इसकी समझ और द्वंद्व, दोनों ही पैदा हुए। हमारे भीतर तरह–तरह की प्रतिक्रियाएं हुईं, जो हमारे पिछले माहौल और अनुभव पर निर्भर थीं। मेरे लिए यह सही अर्थों में नई तलाश के लिए यात्रा थी।

मैं आम जनता की अवधारणा को काल्पनिक नहीं बनाना चाहता। जहां तक संभव हो, मैं उनके बारे में मात्र सैद्धांतिक अमूर्त सत्ता के रूप में सोचने से बचाने की कोशिश करता हूं। मेरे लिए भारत के लोगों का अपनी सारी विविधता के साथ वास्तविक अस्तित्व हैं उनकी विशाल संख्या के बावजूद मैं उनके बारे में अनिश्चित समुदायों के रूप में नहीं, व्यक्तियों रूप में सोचने की कोशिश करता हूं।

अक्सर जब मैं एक के बाद एक सभा में जाता, तो श्रोताओं से मैं अपने इस देश की चर्चा करता– हिन्दुस्तान की और साथ ही भारत की। मैंने शहरों में ऐसा काम किया, क्योंकि वहां के श्रोता अपेक्षाकृत आधुनिक थे और वे अधिक दमदार भाषण की अपेक्षा करते थे। पर सीमित नजरिये वाले किसानों को मैंने इस महान देश की बाबत बताया, जिसकी मुक्ति के लिए हम संघर्ष कर रहे हैं, कि कैसे इसका हर हिस्सा दूसरे से भिन्न होते हुए भी भारत है। मैंने उन्हें उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक किसानों की सामान्य समस्याओं की जानकारी दी, और उस स्वराज की भी, जो सबके लिए और भारत के हर हिस्से के लिए एक–सा होगा, कुछ विशेष लोगों के लिए नहीं। मैंने उन्हें सुदूर उत्तर–पश्चिमी में खैबर पास से कन्याकुमारी या केप कोमरिन तक अपनी यात्रा के बारे में बताया। मैंने बताया कि कैसे हर जगह मुझसे किसानों ने एक जैसे सवाल पूछे, क्योंकि उनकी समस्याएं समान थीं– गरीबी, कर्ज, निहित स्वार्थ, जमींदार, महाजन, भारी लगान और कर, पुलिस के अत्याचार, और ये सब उस ढांचे में लिपटे हुए थे, जिसे हमारे ऊपर विदेशी हुकूमत ने आरोपित किया था। साथ ही यह भी कि रात भी सबके लिए आनी चाहिए। मैंने इस बात की कोशिश की कि वे भारत को अखंड मानकर उसके बारे में सोचें। साथ ही थोड़ा–बहुत उस विराट विश्व के बारे में भी सोचें, जिसके कि हम एक हिस्सा हैं।

यह काम बहुत आसान नहीं था, किंतु उतना मुश्किल भी नहीं था, जैसा मैंने सोचा था। हमारे प्राचीन महाकाव्यों, हमारी परागाथाओं व दंत–कथाओं की उन्हें पूरी जानकारी थी। इस साहित्य ने अपने देश की अवधारणा से उन्हें परिचित करा दिया था।

कभी–कभी जैसे ही मैं किसी सभा मं पहुंचता था, मेरे स्वागत में अनेक कंठाओं से स्वर गूंज उठता था– 'भारत माता की जय।' मैं उनसे अचानक प्रश्न कर देता कि इस पुकार से उनका क्या आशय है? यह भारत माता कौन है, जिसकी वे जय चाहते हैं, मेरा यह प्रश्न उन्हें मनोरंजक लगता और चकित करता। उनकी ठीक–ठीक समझ में नहीं आता कि वे मुझे क्या जवाब दें, और तब वे एक–दूसरे की ओर, और फिर मेरी ओर ताकने लगते। मैं बार–बार सवाल करता जाता। आखिर एक हट्टा–कट्टा जाट, जिसका न जाने कितनी पीढ़ियों से मिट्टी से अटूट नाता है, जवाब में कहता कि यह भारत माता हमारी धरती है, भारत की प्यारी मिट्टी है। मैं फिर सवाल करता– 'कौन सी मिट्टी? उनके अपने गांव के टुकड़े की, या जिले और राज्य के तमाम टुकड़ों की, या फिर पूरी भारत की मिट्टी?'

प्रश्नोत्तर का यह सिलसिला तब तक चलता रहता, जब तक वे प्रयत्न करते रहते और आखिर कहते कि भारत वह सब कुछ तो है ही, जो उन्होंने सोच रखा है, इसके अलावा भी बहुत कुछ है। भारत के पहाड़ और नदियों, जंगल और फैले हुए खेत, जो हमारे लिए खाना मुहैया करते हैं, सब हमें प्रिय हैं। लेकिन जिस चीज का सबसे अधिक महत्व है, वह है भारत की जनता, उनके व मेरे जैसे तमाम लोग, वे सब लोग, जो इस विशाल धरती पर चारों ओर फैले हैं। भारत माता मूल रूप से यही करोड़ों लोग हैं, और उनकी जय का अर्थ है, इसी जनता–जनार्दन की जय। मैंने उनसे कहा कि तुम भारत माता के हिस्से हो, एक तरह से तुम खुद ही भारत माता हो। जैसे–जैसे यह विचार धीरे–धीरे उनके दिमाग में बैठता जाता, उनकी आंखें चमकने लगतीं, मानों उन्होंने कोई महान खोज कर ली हो।

(साभार– भारत की खोज से साभार)

सम्पादक मंडल

संरक्षक : डा. एम.एस. मलिक, आई.पी.एस. (सेवानिवृत)
सम्पादक : श्री गुरनाम सिंह, आई.एफ.एस. (सेवानिवृत)
सह–सम्पादक : डा॰ राजवन्तीमान
साज सज्जा एवं आमुख : श्री आर. के. मलिक
प्रकाशन समिति : श्री बी.एस. गिल, मो० : 9888004417
श्री जे.एस. ढिल्लो, मो० : 9416282798
वितरक : श्री प्रेम सिंह, कार्यालय सचिव, जाट भवन, चण्डीगढ़

जाट भवन 2–बी, सैक्टर 27–ए, चण्डीगढ़
फोन : 0172–2654932 फैक्स : 0172–2641127
Email : jat_sabha@yahoo.com

Postal Registration No. CHD/0107/2015-2017

RNI No. CHABIL/2000/3469

मुद्रक प्रकाशन एवं सम्पादक गुरनाम सिंह ने जाट सभा, चंडीगढ़ के लिए एसोशियटिड प्रिन्टर्ज़, चंडीगढ़, फोन : 0172–2650168 से मुद्रित करवा कर जाट भवन, 2-बी, मध्यमार्ग, सैक्टर 27-ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित किया।